>

Title: Need to send a Central team to Uttar Pradesh to assess the effect of drought in various districts of the Uttar Pradesh and to declare all the districts as drought affected.

श्री राजाराम पाल (अकबरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आज देश का अधिकांश भाग मॉनसून के अभाव से, वर्षा न होने की वजह से सूखाग्रस्त हो गया है। किसान भुखमरी की कगार पर हैं। देश का सबसे बड़ा प्रदेश उत्तर प्रदेश है। वहां की सरकार के किसानों के प्रति उदासीन है।...(व्यवधान) उसने सूखाग्रस्त जिलों को घोषित करने और यहां राहत के लिए प्रस्ताव भेजने के मामले में कोताही बरती है।...(व्यवधान) प्रदेश सरकार ने पहले 20 जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किया, फिर 27 जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किया, जबकि पूरा प्रदेश ही सूखे की चपेट में है। उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के प्रति कितनी संवेदनशील है, यह इससे पता चलता है कि छाता, रायबरेली और घाटमपुर में तीन चीनी मिल्स बंद हैं। प्रदेश सरकार ने चीनी माफिया को बचाने के लिए इन तीनों शूगर मिल्स को बंद करने का काम किया है...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप केन्द्र सरकार से क्या चाहते हैं, संक्षेप में कहकर अपनी बात समाप्त करें।

श्री राजाराम पाल : मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि एक कृषि वैज्ञानिक दल उत्तर प्रदेश में भेजा जाए, जो वहां सूखे की स्थिति की समीक्षा करके भारत सरकार को रिपोर्ट दे। इसलिए आप तुरंत वह दल भेजें और वहां सूखा राहत का काम तत्काल शुरू करें।